Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 21-05-2022 अंक 231

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# संपादकीय

बरही अनुमंडल के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजे आ गए हैं। जो लोग बड़े बदलाव की उम्मीद लगा रहे थे उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। आज पंचायत स्तर के चुनाव भी विधायक,और सांसद के स्तर का हो चुका है। चुनाव कौन जीता और कौन हारा ? इससे बड़ा सवाल यह है कि जनता हार गयी है। रसूख और धन बल चुनाव जीतने के मुख्य अस्त्र बन गए हैं।दरअसल वही उम्मीदवार जीत हासिल कर पाता है जिसे जनतंत्र को धनतंत्र बनाने और भुनाने में महारथ हासिल हो। अब जनता के वोट मांगने से नही बल्कि खरीदने से हासिल होते हैं। जनता भी अपने वोट की कीमत वसूलना चाहती है। जात - पात और योग्यता की अहमियत अब वो नही रही जो 50 वर्ष पहले थी।आप बहुत अच्छे, ईमानदार, योग्य उम्मीदवार होंगे लेकिन वोटों को खरीदने की ताकत नही है तो आप कोई चुनाव जीत ही नही सकते। इसलिए अगर आप राजनीति में सफल होना चाहते हैं तो अपार धन अर्जित करना और चुनाव में उसका सही इस्तेमाल करने की कला आनी चाहिए ।जनता को सिर्फ हज़ार दो हज़ार की तात्कालिक कमाई हो जानी चाहिए बाकी वो कभी नही अपने चुने हुए नुमाईंदों से नही पूछेगें की मोहल्ले में नाली नही बना, स्ट्रीट लाइट फ्यूज क्यों है? विकास क्यो नही हो रहा है? 6 वर्षों मे आपकी आमदनी चुनाव के वक्त हज़ार रुपये हुई थी जबकि 10 लाख की पूँजी जो चुनाव के वक्त निवेश हुए थे वही



डॉ अनिल कुमार

चुनाव जितने के बाद जिसे अपने चुना उसकी अब करोडों में हो चुकी है और अपने संपत्ति के बल पर कई बड़े चुनाव आपका यह जन प्रतिनिधि जीत जाएगा। सत्ता की मलाई और हनक मुफ्त। यही है नया धनतंत्र

APEM LIVE

# तपती गर्मी से लोगो का हाल बेहाल,सड़के सुनसान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

गर्मी वा उमस से लोगो का जीना मुहाल है। दिन के दस बजते ही गर्म हवा शरीर झुलसाने लगती है। लोग दोपहर में घर से निकलना पसंद नही करते है। सड़को पर भी चहल - पहल शाम से ही शुरू होती है। तापमान का हाल है की लगभग एक सप्ताह से चालीस व चालीस के ऊपर तापमान रह रहा है। कड़ी धूप में तपी धरती देर शाम तक गर्म ही रहती है। इस तपती गर्मी ने लोगो का हाल बेहाल कर रखा है। उमस भरी गर्मी ने आम आवाम का जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी से बचने के लिए लोग सुबह और शाम को बाजार जाना उचित समझते है, जबकि



बढ़ती गर्मी से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

दोपहर में तप रही धरती के कारण लोग घरों या छांव में बैठकर समय गुजारते हुए इस भीषण गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे है। एक तरफ लोग गर्मी की मार से परेशान है तो दूसरी तरफ बिजली की आंखमिचोनी भी लगातार जारी है। दिन तो किसी प्रकार कट का रहा है। लेकिन बिजली नहीं रहने के कारण रात गुजारना मुश्किल हो रहा है।

# पाठ सहगामी क्रियाकलाप बच्चों में गुणात्मक वृद्धि में सहायक : ए के सिंह

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में पाठ सहगामी क्रियाकलाप के अंतर्गत कक्षा छठा से अष्टम वर्ग में भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसके अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रकार के भजन को अपनी मधुर वाणी प्रदान की। इस कार्यक्रम का आयोजन कला शिक्षक ललन यादव के देखरेख में किया गया ।साथ ही इस कार्यक्रम में दीपक कुमार, शशांक सिंहा ,नीरू कुमारी, संध्या सिंह ने अपना पूरा सहयोग दिया। इस भजन गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिशु आनंद कक्षा छठी ए दयानंद हाउस,द्वितीय स्थान सलोनी दुबे सप्तम बी एनडी ग्रोवर हाउस और तृतीय स्थान सृष्टि श्रेया सप्तम सी विवेक. ।नंद हाउस और आदर्श कुमार सप्तम ए दयानंद हाउस ने प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पाठ्य पुस्तक अध्यापन के साथ-साथ पाठ सहगामी क्रिया कलाप



भजन गायन करते बच्चे

भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है । इस तरह के क्रियाकलाप करवाने से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है।

# साधनपुरी के मोनू ने रक्तदान कर बचाई महिला का जान

## अपेम की ओर से शिवम उर्फ मोनू को किया जाएगा सम्मानित



महिला के लिए रक्तदान करते शिवम उर्फ मोनू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही साधनपुरी निवासी शिव शंकर लाल के पुत्र शिवम कुमार लाल उर्फ मोनू ने रक्तदान कर एक महिला की जान बचाने में सहयोग किया। गौरतलब हो कि उरवा स्थित एक निजी ह०स्पिटल में भर्ती एक महिला को ओ पॉजिटिव ब्लड की अविलम्ब जरूरत पड़ गयी। महिला के परिजनों ने इसके लिए अपेम ट्रस्ट की टीम से संपर्क किया। अपेम हेल्थ विंग के द्वारा इसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया गया। सूचना एवं अपेम के आग्रह पर साधनपुरी निवासी शिवम कुमार लाल उर्फ मोनू ने रक्तदान करने की इच्छा जताई। अपेम टीम उनसे संपर्क कर रक्तदान करने में सहयोग की। उनका जरूरी चेकप कराकर ब्लड लिया गया और सारी जांच की प्रक्रिया सम्पन्न कर महिला को रक्त चढ़ाया गया। इस दौरान मौके पर मोनू भी मौजूद रहे। रक्तदान कर मोनू ने बताया कि रक्तदान करने से आत्मीय संतुष्टि मिलती है। उन्होंने समय अंतराल के बाद नियमित रक्तदान की इच्छा जताई। उन्हें अपेम की ओर से सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## देवलाल कुशवाहा ने प्रमुख पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव परिणाम आते ही प्रखंड प्रमुख पद बनने के लिए नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को पक्ष में करने की कवायद भी तेज हो गई है। प्रमुख पद पर काबिज होने के लिए एक दो नही, बल्कि कई दावेदार बन गए है। वहीं प्रमुख पद के लिए देवलाल कुशवाहा ने भी दावेदारी पेश कर दी है। परिणाम आने के महज चंद घंटे बाद ही दावेदारों ने नवनिर्वाचित सदस्यो के दरवाजा को खटखटाना भी शुरू कर दिया है। इनमे कुछ नए तो कुछ पुराने सदस्य भी शामिल है,

## धनवार पंचायत से मुखिया पद से निर्वाचित राजेंद्र प्रसाद ने निकाला विजय जुलूस

### जनता का विश्वास टूटने नही दूंगा : राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान का परिणाम जारी होने के साथ ही गांव – मो. हल्लों में विजय जुलूस की गूंज गूंजने लगा है। चुनाव में विभिन्न पदों पर जीते प्रत्याशी विजय जुलूस निक. ालकर जनता का आभार जाता रहे है.जुलूस में जहां एक साथ होली दिवाली का नजारा देखने को मिल रहा है, वहीं एक और डी जे के धुन पर प्रत्याशी और समर्थक जमकर थिरक भी रहे है। शनिवार को धनवार पंचायत के निर्वाचित मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने अपने समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकालकर जनता का आभार जताया। जुलूस पंचायत के विभिन्न टोला मोहल्ला का भ्रमण किया। विजय जुलूस में दामोदर प्रसाद, अजय कुमार, नरेश कुमार वर्मा, अजीत कुमार, उपेन्दर प्रसाद, रामजी प्रसाद, प्रकाश साव, चिरंजीवी प्रसाद, नरेश प्रसाद नन्दलाल प्रसाद केसो यादव, अरविन्द कुमार, मंटू प्रसाद, मनोज कुमार, मनोज केशरी उमेश यादव, जगदीश महतो, महेन्दर प्रसाद खुबलाल प्रसाद,राजकुमार प्रसाद, दिलीप प्रसाद, अशोक यादव,अशोक महतो, रंजीत कुमार, राजेश प्रसाद. रवि कुमार, सकलदेव यादव,जागेश्वर साव, आनन्दी महतो, गुडा भुईया, तिलक यादव, सुनील केशरी, दिलीप केशरी, रामजी भुईया,प्रभूनाथ महतो जितेन्दर केशरी, मनोज यादव, नागो महतो, सुन्दर सिंह, उमेश प्रसाद, बिनोद ठाकुर, अशोक सिंह, चन्दन कुमार, अशोक साव, कृष्णा केशरी, प्रदीप केशरी, सम्भु महतो, खेलो महतो, कृष्णा कुमार वर्मा,अर्जुन महतो, मोहन प्रसाद, बिनोद कुमार, योगेन्दर साव, अशोक सिंह, गोला भुईया, अकाश साव, रंधीर कुमार, राजकुमार महतो, नागेश्वर प्रसाद, चेतन महतो, गणेश महतो, भवानी कुमार, निरंजन प्रसाद, किशोर प्रसाद, अनिल प्रसाद,राजेश प्रसाद,राजेश ठाकुर, अरुण प्रसाद मेहता, विकाश यादव, कमलेश कुमार, चन्दन केशरी, संतोष प्रजापति, विजय कुमार, राजू प्रसाद, उदय प्रसाद, बासुदेव प्रसाद,राहुल कुमार, मंटू यादव, उमेश केशरी, शंकर केशरी,सुरेश प्रसाद, पंकज प्रसाद, मोहन प्रसाद, सिकन्दर प्रसाद सहित पंचायत के अन्य सैकड़ों लोग शामिल थे।



विजय जुलूस में शामिल महिला एवं पुरुष

## सर्पदंश से महिला गंभीर, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मल. कोको पंचायत के पडरिया निवासी संतोष प्रसाद की पत्नी नीतू देवी उम्र 25 वर्ष सर्पदंश से गंभीर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतू देवी कुछ काम से मकई के खेत में गई हुई थी। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## चलकुशा : दो बूथों पर हुवे फर्जी की मामले की जांच हो : सलीम अंसारी



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी ने हुवे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम घोसित होने के बाद सेवाटांड़ पंचायत के दो बूथों पर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाया। मामले को लेकर प्रेस क०न्फ्रेंस जारी कर जानकारी दी। श्री सलीम ने बताया की मेरी पत्नी आसमा खातून मुखिया उम्मीदवार थी, जनता के द्वारा इन्हें अपार समर्थन मिला। लेकिन हमलोग जीत के भी हार गए। जिसकी वजह है निर्वाचन पदा. धिकारी, कारण यह रहा की सेवाटांड़ पंचायत के सेवाटांड़ व भिखनाडीह बूथ पर फर्जी वोट डाला गया। मामले को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ को दूरभाष पर जानकारी दी। लेकिन दोनों बूथों पर कोई भी पदाधिकारी नहीं पहुंचे। जिसका नतीजा यह रहा सेवाटांड़ बूथ पर 495 वोटर है जबकि 408 मतदान व 83% हुई। उन्होंने यह भी कहा की पूरे झारखंड में 83% अभी तक मतदान नहीं हुई, तो यंहा कैसे हो गई? सबसे खास रही की इस दोनों बूथों पर एक भी वोट रद नहीं हुई। मामले की जानकारी जब पत्रकारों ने बीडीओ से ली तो उन्होंने कहा सलीम अंसारी की सभी आरोप बेबुनियाद हैं, हमारे द्वारा कई मतदान केंद्रों का जायजा लिया गया। लेकिन फर्जी मतदान करते एक भी व्यक्ति नहीं पाया गया।अगर वंहा फर्जी वोट डाली गई तो मुझे लिखित शिकायत देनी चाहिए थी। लेकिन सलीम अंसारी ने नहीं किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य काली पंडित, वार्ड सदस्य गुलाम अंसारी, समसुल अंसारी, मजीद अंसारी, शंकर पंडित, सुदामा यादव, सिकंदर यादव, इस्लाम अंसारी, रईस अंसारी, हनीफ अंसारी, रहमत अंसारी, हदीस अंसारी, इंद्रदेव यादव, इंद्रदेव पंडित आदि लोग मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वः राजीव गांधी का 31वाँ शहादत दिवस मनाई



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह में कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का 31वां शहादत दिवस चलकुशा प्रखंड अध्यक्ष मोइनुद्दीन के नेतृत्व में मनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष मो. इनुद्दीन ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कई उपलब्धियां लोगों के बीच गिनाई। मौके पर दशरथ दास प्रखंड सचिव मो. हम्मद दाऊद अली, लक्ष्मण पांडे, मोहम्मद सिकंदर अली, मनैया पंचायत अध्यक्ष महिंद्र हेमरोन, अफरोज अली, कुर्बान अली, मोहम्मद खालिद इत्यादि लोग शामिल थे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# सब्जियों के उचित दाम नहीं मिलने के कारण आक्रोशित किसानों ने सड़क पर हीं फेंक दी भिंडी

## सड़क पर भिंडी फेंके जाने से दर्जनभर दो पहिया वाहन सवार लोग गिरकर घायल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



सड़क पर सब्जी फेंकते किसान



गिरकर घायल हुआ मोटरसाइकिल चालक



सड़क पर बिखरा हरी भिंडी को साफ करते हरेंद्र

बड़कागांव के प्रसिद्ध दैनिक बाजार में हरी सब्जियों के उचित दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने भिंडी को सड़क पर फेंक कर विरोध जताया है। और सड़क पर ही हरे भिंडी को फेंक कर चले गए। सड़क पर भिंडी फेंके जाने के कारण दर्जनभर दोपहिया बाइक चालक फिसल कर गिरते नजर आए । जिसके कारण दर्जनभर मोटरसाइकिल पर सवार महिला व बच्चे भी घायल हो गए हैं। जिससे उन्हें हल्की-फुल्की चोटें भी आई है। यह देख बड़कागांव बाजार समिति के सफाई कर्मचारी हरेंद्र भुइयां ने तुरंत सड़क पर पहुंचकर रोड पर बिखरे भिंडी को उठाकर रोड के किनारे किया जिससे सड़क पहले की तरह आवागमन सामान्य हो गई।

**क्या कहते हैं दैनिक बाजार के किसान**

वहीं किसानों का आरोप है कि उन्हें भिंडी के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं कुछ बिचौलिए भिंडी की खरीदारी करने आते भी हैं तो वह 1 प्रति किलो की दर से मांग करते हैं । जबकि वह दूसरे शहर में ले जाकर उसे 5 से 7 रुपये प्रति किलो के दर पर बेचते हैं। खेती के समय सब्जी उपज करने में हजारों रुपए लग गए हैं। जबकि हमें उसका एक चौथाई तक नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि पिछले 1 सप्ताह से हरी सब्जियों के दाम महज 1 से 5 प्रति किलो में बेची जा रही। जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी देखी जा रही है।

**सड़क पर सब्जी फेंके जाने के कारण कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर हुए घायल**

सब्जी के उचित मूल्य ना मिलने के कारण बीच सड़क पर ही सब्जियां फेंक देने से 2 दर्जन से अधिक लोग गिरते नजर आए हैं जिससे दर्जनभर लोग घायल हो गए। भिंडी की चिकनी लार की वजह से दो पहिया चार पहिया वाहन के टायर फिसल जा रहे थे जिसके कारण मोटरसाइकिल पर सवार महिला व बच्चे भी गिरकर घायल होते नजर आए हैं। जिस पर घायल लोगों ने कहा कि किसानों का इस तरह से विरोध जताना बिल्कुल भी सही नहीं है। किसान किनारे खुली जगह पर सब्जियां फेककर भी विरोध जता सकते हैं। यू इस तरह बीच सड़क पर सब्जियां फेंक देने से कई निर्दोष लोग घायल हो जा रहे हैं।

**समाजसेवी व चुनावी प्रत्याशी कहे जाने वाले उम्मीदवारों में नहीं दिखा सेवा का भाव**

इन दिनों पंचायत चुनाव को लेकर कई प्रत्याशी सड़क पर अपना जनसंपर्क अभियान कर रहे थे जब की सड़क पर हरी सब्जियां फेके जाने से कई लोग गिरकर घायल हो रहे थे। परंतु उन लोगों ने अपना ध्यान मोड़ कर वहां से गुजर जाना मुनासिफ समझा और सड़क को साफ करवाने का प्रयास तक नहीं किया। यह कैसी सामाजसेवा जब अभी नजर फेर कर चले गए तो आगे पांच वर्ष कितना विकास होगा जनता की कितनी प्रवाह करेंगे ।

APEM LIVE

# मृतक के परिजनों से मिलने पडरिया पहुँचे पूर्व विधायक

## ककरौला का घटना निंदनीय है, दोषियों को गिरफ्तार करें पुलिस : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बीते दिनों पडरिया पंचायत के ककरौला में घटित घटना का आक्रोश लगातार बढ़ते ही रहा है। पुलिस प्रसाशन के अस्वाशन के बाद देर रात्रि आक्रोशित भीड़ ने जाम को हटाया। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार से मिलने पडरिया पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजेश सहाय, भाजपा नेता राजदेव यादव भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह सहित अन्य। घटना के प्रति गहरी संवे. दना प्रकट करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि निंदनीय घटना है। कहा अपराधियों का कोई जात नही होता है, अपराधी अपराधी होता है। इसलिए बिरेन्द्र सिंह हत्याकांड में शामिल सभी लोगों को अविलंब पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजे। इस दौरान पूर्व विधायक ने घटना में घायल सभी लोगों से मिलकर घटना की जानकारी लिया। घायलों ने बताया कि सुनियोजित तरीके से बालकिसुन यादव, मुकेश यादव व अन्य लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि मैं अपने निजी कार्यो से बाहर था सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार को हर सभव मदद करता रहा। इस दौरान पूर्व विधायक ने चौपारण थाना पहुँच कर इस केश के इंचार्ज डीएसपी मो आरिफ इकराम से मिलकर मामले घटना से अवगत कराया और मुख्य आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने की बात कहा। इसपर डीएसपी ने कहा कि मामले का निष्पक्षता से जाँच पड़ताल जारी है दोषियों पर कानूनी कार्यवाई जरूर होगा। भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि यहाँ के स्थानीय विधायक द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है व अपराधियों को मनोबल बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। रंजन सिंह ने कहा कि घटना से पूरे चौपारण सहित पूरे राज्य में आक्रोश का माहौल है।

# तुलबुल पंचायत के लगातार जनसम्पर्क के बाद मुखिया उम्मीदवार ने कही

## तुलबुल पंचायत का विकास करना मेरी मुख्य लक्ष्य :- पुष्पा

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**






तुलबुल पंचायत का सर्वांगीण विकास करना हमारा मुख्य उद्देश्य है, मैं यदि तुलबुल पंचायत की जनता के आशीर्वाद से मुखिया की पद जीतती हूं तो तुलबुल में विकास की गंगा बहेगी। उक्त बातें शनिवार को तुलबुल पंचायत के मुखिया उम्मीदवार पुष्पा देवी पति रामदेव पासवान ने कही। पुष्पा देवी ने बताया कि मैं लगातार पंचायत के जसपुर आरमेदाग,परसौनी, तुलबुल चिल्हिया, डोका, कर्मा, पिपरा आदि गांव का लगातार भ्रमण कर रही हूं। लगातार भ्रमण में मुझे तुलबुल पंचायत की जनता का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।और तुलबुल पंचायत की जनता के आशीर्वाद से मैं चुनाव जीतने की कगार पर भी हूं। उन्होंने कहा कि पंचायत में विधवाओं को विधवा पेंशन, वृद्ध लोगों को वृद्धा पेंशन,विकलांगों को विकलांगता पेंशन,आवास हिन को आवास एवं शिक्षा तथा स्वास्थ्य की बेहतर सु. विधा पंचायत में उपलब्ध कराउंगी।दौरे के क्रम में उन्होंने पंचायत वासियों से आग्रह की कि मतदान के दिन बैलट पेपर के क्रमांक 4 पर बेल्ट छाप पर आप अवश्य मोहर लगाएं ।दौरे के क्रम में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे

# विहिप ने मुखिया व पंसस के विरुद्ध आवेदन दिया




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा विश्व हिंदू परिषद प्रखण्ड अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में एक प्रति. निधिमंडल गोरहर थाना में एक मामला दर्ज कराया गया जिसमें लिखा गया है पंचायत चुनाव जीतने के बाद शिलाडीह मुखिया मो निजाम व पंसस अमृना बीबी के सामने समर्थकों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए ज्ञात हो इस बात को लेकर दो दिन से बरकट्ठा क्षेत्र में वीडियो वायरल हो रहा था प्रति. निधि मंडल ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मुखिया मो निजाम पंसस अमृना बीबी व मो शमीम के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक करवाई की जाए वही इस बाबत जिले के कोर्रा थाना में भी ऑनलाइन मामला दर्ज करवाया गया है ।

# चंद्रशेखर ने पदयात्रा कर मांगा समर्थन

## चलते चलते सैकड़ों लोग पदयात्रा में हो गए शामिल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




जनसंपर्क अभियान चलाते बनासो पंचायत के मुखिया प्रत्याशी चंद्रशेखर

बनासो पंचायत के मुखिया प्रत्याशी चंद्रशेखर ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि एक मौका दे हमदर्द बनकर पंचायतवासियों के सेवा का काम करेंगे। उन्होंने इस दौरान नावाटांड, चटनियां, खोगिया, गोबरबासुवा आदि टोले में जनसम्पर्क कर लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत में बुनियादी समस्याओ को दूर कर स्वच्छ वातारण में विकास की नींव रखूंगा। पंचायत के विकास का ऐसा काम होगा जो अब तक नहीं हो पाया है। पूरे प्रखंड में बनासो पंचायत नजीर बनेगा। उन्होंने भारी बहुमत के साथ वोट देकर जिताने की अपील की। मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## आशीर्वाद यात्रा निकाल निर्वाचित बच्छई मुखिया ने जनता के प्रति आभार प्रकट किया

### निर्वाचित बच्छई मुखिया ने निकाला आशीर्वाद यात्रा, कहा जनता का विश्वास टूटने नही दूँगा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बच्छई पंचायत से नव निर्वाचित मुखिया बिरेन्द्र रजक व पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव ने चुनाव जीतने के बाद पंचायत में आशीर्वाद यात्रा निकाल कर जनता से आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद यात्रा सिंघरावां मोड़ से शुरू होकर ओबरा, सेवई होते हुए देर र मलिकाना, चक पहुंचा व डुमरी में जाकर समाप्त हो गया। देर रात तक चले आशीवार्द यात्रा के दौरान निर्वाचित मुखिया बीरेंद्र रजक व निर्वतमान मुखिया कुन्ती देवी ने बड़े छोटो से आशीर्वाद लिया । यात्रा में शामिल समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत की बधाई दिया। डीजे व ताशा बैंड के धुन पर देर रात तक समर्थक थिरकते रहे। निर्वाचित मुखिया ने कहा कि जनता ने जो विश्वास मुझे अपने मत के रूप में दिया उसे कभी टूटने नही दूँगा। कहा पंचायत हित व पंचायत विकास के लिए हर संभव कार्य करूँगा। पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव ने कहा कि जनहित कार्यो को प्राथमिकता दूँगा। मौके संतोष पांडेय, शंकर दयाल साव, योगेन्द्र यादव, सोबरन यादव, राजकुमार यादव, तस्लीम अंसारी, सुनील साव, तौफ़ीस अंसारी, मनोज यादव, मुकेश साव, राजकुमार साव, अंगद यादव, विकास गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अलीम अंसारी, मिंटू रजक, राजेश रजक, राजेश रवानी, बिरेन्द्र चंद्रवंशी, जगरनाथ साव, छोटन साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## राणी सती मंदिर में तीन दिवसीय दादी उत्सव, भव्य भजन संध्या के साथ हुआ संपन्न

### सुप्रसिद्ध भजन गायक बिट्टू बिहारी के भजनों की धुन पर दादी भक्त जमे रहे मंदिर परिसर में लगता रहा जय दादी का जयकारा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**



हजारीबाग शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर मे तीन दिवसीय दादी उत्सव के अंतिम दिन देर शाम मंदिर परिसर में भटिंडा निवासी वर्तमान हजारीबाग निवासी सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने मनमोहक भजनों से दादी भक्तों को झुमाया। सुप्रसिद्ध भजन गायक बिट्टू बिहारी ने सर्वप्रथम दादी जी की आरती एवं पुष्पांजलि की जिसके पश्चात उन्होंने हनुमान जी की आरती के साथ भजन प्रारंभ किया। भजन के क्रम में उन्होंने राणी सती दादी की अने. कों भजन प्रस्तुत की। उनकी अनेकों भजन सुनकर दादी भक्त मंत्र मुग्ध हो रहे थे पूरा मंदिर दादी मय हो गया था। मंदिर में जय दादी की जयकारों की गूंज गूंजती रही। उनकी भजनों की धुन पर दादी भक्त जमे रहे मंदिर परिसर में। लोग अपने मोबाइल पर कैद करते रहे मनमोहक भ. जनों को। दादी भक्त उनसे सेल्फी लेने के लिए कदम आगे बढ़ा रहा थे। तो कोई उनके साथ उनसे मुलाकात कर अपना परिचय दे रहे थे। तो कोई उन्हें साधुवाद दे रहा था ऐसे मनमोहक भजनों को जो राणी सती मंदिर के परिसर में हुआ। भव्य भजन संध्या से पूर्व राणी सती समिति के पदा. धिकारी ने सुप्रसिद्ध भजन गायक बिट्टू बिहारी का भव्य स्वागत किया। तो वही पदाधिकारी ने आए उनके साथ मंडली का भी स्वागत किया। भजन संध्या की समाप्ति के बाद सभी दादी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसके साथ तीन दिवसीय दादी उत्सव ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

## कान्हाचट्टी में जिप सदस्य उम्मीदवार बिरजू तिवारी उर्फ बुल्डोजर बाबा के पक्ष में निकली मोटर साइकिल रैली

### लगभग तीन हजार मोटर साइकिल रैली को देख इनके प्रतिद्वंदियों की उड़ी नींद

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आते जा रही है वैसे वैसे जिला परिषद मुखिया पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य अपनी सारी ताकत मतदाताओं को अपने तरफ रिझाने के लिए लगा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को कान्हाचट्टी प्रखंड से जिला परिषद के उम्मीदवार ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी उर्फ बुलडोजर बाबा ने प्रखंड के 10 पंचायत में मोटरसाइकिल रैली निक. ालकर भ्रमण किए। भ्रमण के क्रम में वे बक्चुम्बा पंचायत से उनका रैली शुरू हुआ और दसों पंचायत के भ्रमण करते हुए राजपुर में एक जनसभा के रूप में परिणित हो गया,जहां ब्रजकिशोर तिवारी ने अपने कार्यकर्ताओं को एवं कान्हा चट्टी के मतदाताओं को कहां की पूरे प्रखंड की जनता का स्नेह ,प्यार मेरे साथ है जिसके कारण आज मैं चुनाव जीतने के नजदीक पहुंच गया हूं उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से मैं चुनाव कान्हाचट्टी की जनता के आशीर्वाद से जीत रहा हूं। और यह जीत कन्हाचट्टी के मतदाताओं की होगी। उन्होंने कहा कि हमारी इतनी बड़ी तादाद में मतदाताओं की भीड़ को देखकर प्रतिद्वंदीयों का नींद हराम हो गया उन्होंने कहा कि 24 को चुनाव होगा और 31 को मतदान की गिनती के साथी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पटाक्षेप हो जाएगा। मैं कान्हाचट्टी की जनता से सदा लगाव रखा हूं और रखूंगा कान्हाचट्टी की जनता के लिए मेरे एक एक खून का कतरा समर्पित है। इनके भीड़ को देखकर जो जिला परिषद के उम्मीदवार हैं उनका होश उड़ गया और भौचक रह गए इनके साथ प्रखंड के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।









## प्रखण्ड के छः वार्ड के मतदाता 10 से 15 किलोमीटर पैदल चलकर करेंगे मतदान

### इन वार्डो में कम प्रतिशत मतदान का है आसार





**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**

चुनाव आयोग चुनाव को लेकर और मतदान केंद्रों के लेकर लाखों रुपए खर्च तो कर रही है लेकिन चतरा जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती गांव की हाल अभी भी आदम युग के ब्यवस्था में जीने के लिए लोग मजबूर हैं। मतदान कराने को लेकर जहां जिला प्रशासन चुनाव आयोग के आदेश पर मतदान केंद्रों पर तरह-तरह की व्यवस्था करती है ताकि मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत ना हो,इसको लेकर सारी व्यवस्थाएं करती हैं लेकिन कान्हाचट्टी प्रखंड के एक दर्जन ऐसे गांव हैं जहां के मतदाता 10 से 15 किलोमीटर पैदल चलकर जंगल पहाड़ के बीच से गुजर कर मतदान केंद्र मतदान करने के लिए पहुंचते हैं इन गांव में सिकिद,अमकुदर, गडीया, बनिया बांध पथेल सहित एक दर्जन गांव है जहां पर मतदान केंद्र नहीं रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रखंड प्रशासन को मतदान केंद्र गांव में ही करने की मांग किया गया बावजूद कान्हाचट्टी प्रखंड में यह ऐसा गांव है जहां के लोग मतदान करने के लिए मजबूरी बस ट्रैक्टर एवं दुपहिया वाहन से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित केंदुवा सहोर एवं जसपुर के कसमार पहुंचते हैं। बताते चलें कि जिला प्रशासन एवं चुनाव आयोग मतदाताओं की सुविधा के अनुसार मतदाताओं के नजदीकी सरकारी भवनों में मतदान केंद्र बनाती है तथा मतदाताओं को असुविधा न हो इसे लेकर पैरापेड,आदि भी लगाए जाते हैं लेकिन यह गांव मतदान केंद्र से वंचित हैं। इन गांव के ग्रामीणों ने कहा कि हमारी बातों को नाही प्रखंड प्रशासन एवं नाही जिला प्रशासन सुनती है। गांव के ग्रामीणों ने मतदाताओं ने कहा कि 70 वर्ष से ऊपर के जितने भी बुजुर्ग हैं उन्हें उतना दूरी ले जाना होता है जिसके कारण मतदान का प्रतिशत कम हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जो मतदान केंदुवा सहोर एवं कसमार में है उसे गढ़िया एवं पथेल में कर दिया जाए तो मतदान की प्रतिशतता बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि इन गांव में ऐसे वार्ड हैं जिनका क्रम संख्या एक से छः है।

## पंसस प्रत्याशी महताब हुसैन की रैली में उमड़ा जनसैलाब

### हर वर्ग के लोगों का मिल रहा जनसमर्थन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



जनसंपर्क करते पंसस प्रत्याशी महताब हुसैन

गैड़ा पूर्वी भाग संख्या 12 से पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार महताब हुसैन के जनसंपर्क रैली में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष युवा बुजुर्ग सभी शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी महताब हुसैन ने कहा मैंने काम किया है। लोगों की सेवा की है। और आगे भी करते रहेंगे। किसी पद पर ना रहते हुए भी मैंने अपने क्षेत्र में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास किया। मेरा काम ही मेरी पहचान है। जब कभी भी किसी को भी किसी प्रकार की सरकारी कार्य मैं सहयोग की आवश्यकता होती है तो मैं उसे हर संभव मदद करने का प्रयास करता हूं और कई लोगों को किया भी है। कहा कि मैंने अपने सामा. जिक जीवन में जात-पात ऊंच-नीच का भेद को भूलकर मैंने सबों को मदद करने का प्रयास किया है। यही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। आज का यह जनसैलाब इस बात का परिचायक है कि मैंने किस तरह लोगों के दिल में अपनी जगह बनाई है। जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से आनंद कुमार पांडेय, फारुख मलिक, संतोष पांडेय, विनोदचंद्र शास्त्री, छोटे रविराज पांडे, शेख अबरार, लाल पांडेय, अजय यादव, आकाश यादव, रुला शेख, इम्तियाज शेख, सुनील पांडेय, मुंशी यादव, महमूद आलम, इदरीश खान, शकील अंसारी, अल्ताफ अंसारी, प्रकाश शेख, सलाउद्दीन शेख, नसरुद्दीन पांडेय, मंजू देवी, मंजू मिश्रा, बसंती देवी, सुरैया खातून, आलम अंसारी, अफसर मलिक, तौफीक मलिक, अफसाना खातून, हकीम अंसारी, शेख वजीर, शेख इम्तियाज, उस्मान अंसारी, हसरत अंसारी, सुमेल आलम, हजरत खातून, शहजादी खातून, प्रतिमा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## बेड़ा हरियारा मुखिया प्रत्याशी अनुज सिन्हा के रोड़ शो में उमड़ी भारी भीड़

### मतदाताओं से भारी बहुमत से जिताने का किया अपील

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



जनसंपर्क के दौरान उमड़ी समर्थकों की भीड़

विष्णुगढ़ प्रखंड के बेड़ा हरियारा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी अनुज कुमार सिन्हा ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान में भारी संख्या में समर्थकों की भीड़ उमड़ी। उन्होंने मतदाताओं से भारी बहुमत के साथ जिताने की अपील की। मुखिया प्रत्याशी ने कहा कि बेड़ा हरियारा पंचायत की गिनती शुरू से एक पिछड़े पंचायत के रूप में होती रही है। जनता का आशीर्वाद मिला तो बेड़ा हरियारा पंचायत को प्रखंड के सबसे उन्नत पंचायत के रूप में विकसित करने का काम करूंगा। कहा कि हमारा विजन स्पष्ट है सिर्फ और सिर्फ पंचायत का सर्वांगीण विकास। किसी को भी शिकायत का मौका नहीं दूंगा। युवाओं और महिलाओं को हरेक काम में प्राथमिकता मिलेगी। समाज के अंतिम पायदान पर रहने वालों को स्पष्ट पारदर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कहा कि एक नंबर पर सेब छाप कर अधिक से अधिक वोट देकर अपने सम्मान को बचाने का काम करें। मौके पर भीम पासवान, लक्ष्मण रविदास, केदार प्रसाद, नीशु कुमार, बिट्टू कुमार, रूपलाल पासवान, छोटू पासवान, संतोष पासवान, धनंजय साव, रविंद्र साव, अनुज साव, अमित कुमार, मुनकी देवी, शांति देवी, कौशल्या देवी, जानकी देवी, सूरज पासवान समेत सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

## दबंग वयक्ति के द्वारा जमीन का घेरा बंदी किया जा रहा है

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के बंदुगुन्दा कला,जड़बद में एक दबंग वयक्ति के द्वारा गरीब गांव के ठाकुर राउत का लगभग 3 एकड़ 66 डीसीमाल जमीन घेरा बंदी कर रहा है।जो सिविल कोर्ट गिरीडीह में कैस दयार किया गया।इसके बाद भी वह कानून को अपने हाथों में लेकर प्रसासन की बात भी नही सुन रहा है।जिसमे वह वयक्ति पैसे के बदौलत सभी को खरीद लिया है।मुफ्फसिल थाना में कोई सुनवाई नही हो रहा है।ठाकुर राउत का कहना है कि यह जमीन झानीय मौसमत का था ।जो हमारे पूर्वज के नाम से है।उनका कहना है कि ऑनलाइन रसीद 1965 से 2021 तक कटा है मगर वह कुछ नही सुन रहा है।जमीन कटवा कर ईट ,बालू गिरा दिया। है । मौके पर झगरू राउत,जहल प्रसाद यादव ,कलिकायादव, रामेस्वर, यादव,नंद किशोर यादव ,आदि उपस्तित थे।

## नवादा पंचायत मुखिया प्रत्याशी कनीजा खातून ने समर्थकों के साथ चलाया जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



नवादा में जनसंपर्क करती कनीजा खातून

नवादा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी कनीजा खातून ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने पंचायत के कई टोलों में डोर टू डोर मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। कहा कि मुझे हरेक समुदाय का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। पति के सामाजिक सरोकार का प्रतिफल के रूप में आज मतदाताओं का रुझान मेरे पक्ष में है। यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो नवादा का ऐसा विकास करूंगी कि नवादा में ऐसा काम पहले कभी नहीं हुआ होगा। नवादा पंचायत पूरे प्रखंड में विकास की नजीर बनेगा। मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## मुखिया प्रत्याशी शफीउल्लाह अंसारी ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



डाड़ी कलाँ के मुखिया प्रत्याशी मो0 शफीउल्लाह अंसारी के चुनाव कार्यालय का शानिवार को डाड़ी कलाँ के कुंआ टोला में उद्घाटन हुआ। प्रत्याशी मो. हम्मद शफीउल्लाह अंसारी, शमीम अहमद, बरकतउल्ला एवं अनवर अली ने संयुक्त रूप से चुनाव कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के पूर्व वे सैकड़ो समर्थकों के साथ पंचायत के नीचे टोला, ऊपर टोला, अंबा. टोला आदि क्षेत्रों का दौरा कर अपने पक्ष में वोट डालने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत की जनता अगर अपना आशीर्वाद दिया तो पंचायत के चौमुखी विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारा पंचायत मैं कॉल खनन होने के कारण प्रदूषण पेयजल की गंभीर समस्या है साथ ही शिक्षा सड़क बिजली रोजगार स्वास्थ्य एवं विस्थापन के मुद्दे को लेकर मैं हमेशा अपनी आवाज बुलंद रखूंगा।उनके समर्थन में मशकुर आलम, अनवर अली, साबिर हुसैन, बर. कतउल्ला, शमीम अहमद, अजहरुद्दीन मियां, अयूब अली, मोहम्मद ताहिर, इलियास अंसारी, मोहम्मद रिजवान, आसिफ अली, मोहम्मद अरशद, फैयाज आलम, साबिर ज़कीउल्लाह के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## वार्ड सदस्य बीरेंद्र साव ने रसोइया धमना पंचायत से उप मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**



बीरेंद्र साव

रसोईया धमना पंचायत वार्ड संख्या 10 से विजयी रहे बीरेंद्र साव ने रसोइया धमना पंचायत से उप मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश की है। इस बाबत में उन्होंने पिछले कई वर्षो से मैं बिना लोभ लालच के अपने पंचायतवासियों के लिए काम कर रहा हूं। जनता के कई समस्याओं का निदान करवाया हूं। इस बार रसोइया धमना पंचायत के वार्ड संख्या 10 से निर्वाचित हुआ हूं। और जिस उम्मीद से वार्ड संख्या 10 के ग्रामीणों ने मुझे चुना है मैं उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। साथ ही साथ उन्होंने रसोइया धमना पंचायत के सभी निर्वाचित वार्ड सदस्यों से अपील करता हूं की आप मुझे अपना समर्थन देकर रसोइया धमना पंचायत के उप मुखिया बनाने में सहयोग करे। जिससे मैं अपने पंचायत का चहुमुखी विकास कर सकू।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ0 अनिल कुमार

# बिरनी : गारागुरु से चिरुडीह बलिया सड़क पूरी तरह से जर्जर



**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले गारागुरु चिरुडीह पोखरिया बलिया सड़क इस प्रकार जर्जर हो चुका है। जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बता दें कि यह सड़क कई साल पहले बनाया गया था। इसके बाद ना ही इस सड़क पर कोई मरमती भी नहीं किया ना ही फिर से उसको बनाया गया। जिसमें बड़े-बड़े बोल्डर और गड्ढे बन गए हैं। जिसमें इस सड़क से गुजरने वाले बड़े छोटे वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही इस सड़क से गुजरने वाले के ग्रामीण ने काफी आक्रोश नजर आ रहे हैं। बता दे की सड़क काफी दिनों से बनने में हो गया है जिसके कारण सड़क काफी जर्जर हो चुका है। क्योंकि इस सड़क से रोजाना सैकड़ों की संख्या में वाहन गुजरते रहते हैं। हालांकि भारी वाहन कभी-कभी प्रवेश होने पर वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि बड़े वाहन के लिए यह सड़क नहीं है। हालांकि उन चालकों को पता नहीं चलता है कि सड़क पूरी तरह से जर्जर है उन्होंने अपने मन बनाकर प्रवेश कर देते हैं उसके बाद जो खामियाजा भुगतना पड़ता है।नहीं कोई जनप्रतिनिधि ना ही विधायक, और नहीं सांसद इस सड़क का गभीरता ले रहे हैं।

### क्या कहते है युवा समाजसेवी



**इकबाल अन्सारी**

इस पथ के लिए अगर जनप्रतिनिधि विधायक सांसद अगर ध्यान देते तो आज यह सड़क पर गढ़िया जो किनारे बोल्डर निकल आए हैं वह नहीं आते हैं शायद ध्यान ही नहीं दे रहे जनप्रतिनिधि



**फारूक अन्सारी**

इस सड़क बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके और बोल्डर भी निकल आए इस तरह अगर कुछ दिन और इस पद पर मरे मति नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इससे बड़े-बड़े गड्ढे होना संभव है

**असलम अन्सारी**

इस सड़क कई सालों पहले बना है। जिसमें इस प्रकार जजर्र हो चुका इस पथ पर चलना सम्भव नहीं क्योंकि इस सड़क के लिए अगर जनप्रतिनिधियों ने ध्यान देता तो आज से सड़क चकाचक होता

# प्रथम चरण की मतगणना आज चौथा दिन भी रही जारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**





आज शनिवार को कृषि उत्पादन बाजार समिती बिशुनपुर पचम्बा गिरिडीह में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में हुए मतदान की मतगणना आज शनिवार चौथे दिन भी जारी रहा। कई प्रत्याशी जीते और कई हारे। अधि. कतर पंचायतों में पुराने मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और जिला परिषद सदस्य को नकार दिया। गांडेय प्रखंड के बदगूंदा पंचायत से मुखिया पद पर खुर्शीदा बीवी और पंचायत समिति सदस्य पद पर कुटबुद्दीन अंसारी, ताराटांड़ पंचायत से पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी और पवन कुमार अग्रवाल, पंडरी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर बिनोद मुर्मू और महेश्वर हंसदा, फुल्ची पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर रेशमी देवी ने जीत दर्ज किया। गिरिडीह प्रखंड के मटरूखा पंचायत से मुखिया पद पर रवीन्द्र कुमार और पंचायत समिति सदस्य पद पर मो. हम्मद फिरोज अंसारी, पुरणानगर पंचायत से मुखिया पद पर मीना देवी, अकदोणिकला पंचायत से मुखिया पद पर मनोज पासी, महेशलुंडी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर कंचन देवी, पतरोडिह पंचायत से मुखिया पद पर इंदु कुमारी और पंचायत समिति सदस्य पद पर मीना कुमारी और अबुल कलाम, अकदोनी खुर्द से मुखिया पद पर मेघलाल दास, उदनाबाद पंचायत से मुखिया पद पर काजल देवी और पंचायत समिति सदस्य पद पर कुमार सौरभ, मंगरोडिह पंचायत से मुखिया पद पर आशा देवी और पंचायत समिति सदस्य पद पर दुलारी देवी, गादी श्रीरामपुर पंचायत से मुखिया पद पर कंचन देवी और पंचायत समिति सदस्य पद पर लीलावती देवी और संगीता देवी, फुल्ची पंचायत से मुखिया पद पर चम्पा मरांडी, जसपुर पंचायत से मुखिया पद पर बुधनी देवी, मो. हनपुर पंचायत से मुखिया पद पर मालती देवी ने जीत दर्ज किया। जमुआ प्रखंड के टीकामगहा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर चमेली देवी, जगरनाथडीह पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर नीरज कुमार गुप्ता, बदडीहा-2पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर दिग्विजय कुमार हाजरा, खरगडीहा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद परपूनम देवी, चिलगा पंचायत से मुखिया पद पर सीमा कुमारी, सियाटाड पंचायत से मुखिया पद पर महेंद्र कुमार वर्मा और पंचायत समिति सदस्य पद पर रविता कुमारी, नवडीह पंचायत से मुखिया पद पर बिनोद साव और पंचायत समिति सदस्य पद पर जानकी महतो ने जीत दर्ज किया। जमुआ प्रखंड के भाग संख्या 09से जिला परिषद सदस्य पद पर मुनिया देवी ने जीत दर्ज किया। जमुआ प्रखंड के भाग संख्या 11से सोनी हसन और भाग संख्या10से संजय हाजरा ने जीत दर्ज किया। गांडेय प्रखंड के भाग संख्या 45से जिला परिषद सदस्य पद पर हेंगामुनी देवी ने जीत दर्ज किया।

APEM LIVE





